Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-11-2022 अंक 407

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## समस्या : बरही प्रखंड कार्यालय में लगा सोलर संयंत्र महीनो से खराब



बरही प्रखंड में लगा सोलर संयंत्र पिछले कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है। प्रखंड कार्यालय को निर्बाध बिजली देने को यहां सोलर से बिजली का संयंत्र लगाया गया था। लेकिन इस संयंत्र का खराब होने बिजली आपूर्ति ठप है। जिसके कारण बिजली की आंखमीचोनी से प्रखंड कार्यालय के कर्मी से लेकर अधिकारी भी परेशान रहते है। कई आवश्यक काम समय पर नहीं हो पाता। सरकार ऐसी समस्याओं के निदान के लिए लाखों रुपए खर्च कर प्रखंड कार्यालयों में सोलर बिजली संयंत्र को लगाने का कार्य कार्रवाई थी। इसी निमित बरही प्रखंड कार्यालय में भी संयंत्र लगाया गया था। लेकिन जो संयंत्र लगाए थे वह पिछले कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण कार्यालय के कर्मियों को परेशानी हो रही है।

## लापरवाही : अधिकारियों के उदासीनता के कारण मोसोमात सुदामा को नही मिला घर बनाने के लिए जमीन




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको निवासी को लगभग एक साल से घर बनाने के लिए जमीन नही मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोसोमात सुदामा एक गरीब और असहाय महिला है। जिसे आवास भी मिल गया है लेकिन उसे बनाने के लिए उसके पास जमीन नही है। वह महिला पिछले एक साल से अधिकारियों को आवेदन दे देकर थक गई है परंतु आज तक उसे घर बनाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है। वर्तमान में महिला मध्य विद्यालय मलकोको का एक पुराना कमरा में रह रही है। जो वह भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। विद्यालय के प्रधानाध्यक धर्मेंद्र कुमार ने बताया की महिला जिस कमरा में रह रही है वह पूरी तरह से जर्जर है जिसे विभाग से डिस्पोज्ड भी करने का आदेश आ गया है।

## बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

बरही प्रखंड अंतर्गत मलक. ोको पंचायत के बेलादोहर निवासी मोनिता देवी उम्र 45 वर्ष पति जयप्रकाश यादव बाइक से गिरकर घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने पति के साथ अपना दूसरा घर बरही लौट रही थी। इसी क्रम में पटना रोड में बन रहे ओवरब्रिज के नजदीक बने ब्रेकर में उनका बाइक का संतुलन बिगड़ गया। महिला रोड पर गई जिसमे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आस पास के लोगो के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# बरही : धड़ल्ले से हो रहा लकड़ी का अवैध कारोबार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अवैध लकड़ी से लदा पिकअप

बरही के जंगलों से इन दिनों पेड़ों की अंधाधुंध लकड़ी की कटाई कर उन लकड़ियों को बेचने का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। लकड़ी माफिया इतना बेखौफ हो गए है की दिन में भी आसानी से पिकअप में लोडकर ले जा रहे है। और विभिन्न क्षेत्रों में मुंहमांगी कीमतों में बेच अपनी चांदी काट रहे है। इस अवैध कारोबार पर ना तो वन प्रशासन की नजर है और ना ही जनप्रति. निधियों की । वही इस धंधे के कारण ही जंगलों से इमारती लकड़ियां सहित अन्य उपयोगी लकड़ियां तेजी से नष्ट हो रहा है। प्रखंड के विभिन्न जंगलों से व्यापक स्तर पर लकड़ियों का व्यापार होने से वह दिन दूर नही जब जंगल बंजर भूमि में बदल जायेंगे। ग्रामीणों के द्वारा गांव से सटे कुछ जंगलों के क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी गई है। लकड़ी माफिया देर शाम से सुबह तक लकड़ियां की बेखौफ दूलाई कर रहे है। एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्ष बचाओ जंगल बचाओ वा वृक्ष लगाओ अभियान चला रही है। वहीं दूसरी और कुछ लकड़ी माफिया के द्वारा वर्षो से पुराने पेड़ों की कटाई कर रहे है। ऐसे में सवाल यह उठता है की सरकार द्वारा पर्यावरण हेतु संरक्षण किया जा रहा प्रयास कितना साबित होगा।

# पहले मुआवजा निर्धारण में हुई विसंगतियों को दूर करे, तभी किया जाय निर्माण कार्य : रैयत

## मुआवजा विसंगति को लेकर एनएच 31 विस्थापित रैयतो का शिष्टमंडल एसडीओ से मिल सौंपा ज्ञापन



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते रैयत



अनुमंडल कार्यालय के बाहर रैयत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एनएच 31 फोर लेन सड़क चौड़ीकरण को लेकर निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है । इसी कड़ी में बरही चौक से तिलैया रोड की ओर सड़क के किनारे जमीन मकान एवं दुकान को जेसीबी से तोड़ा जा रहा है । इस प्रक्रिया को स्थानीय रैयत विरोध कर रहे हैं । स्थानीय रैयतो का कहना है कि जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है । उस जमीन के मुआवजा निर्धारण में काफी विसंगतियां हैं। मुआवजा निर्धारण में काफी अनियमितता बरती गई है । इसलिए जब तक उनकी मुआवजा संबंधी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक तोड़फोड़ की प्रक्रिया पर विराम लगाई जानी चाहिए । इसी मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों रैयत गोलबंद होकर एसडीओ पूनम कुजुर से मिले और मुआवजा में बरती गई अनियमितता की जानकारी देते हुए एक ज्ञापन सौंपा । जिसमें बताया गया कि एनएच 31 फोरलेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजा में काफी भेदभाव एवं अनियमितता बरती गई है । जब तक इस विसंगति को दूर नहीं किया जाता। तब तक कंपनी के द्वारा की जारी तोड़फोड़ पर रोक लगनी चाहिए । ज्ञापन के माध्यम से रैयतों ने बताया की कई ऐसे रैयत हैं, जिनके जमीन एवं मकान का वास्तविक मुआवजा का निर्धारण नहीं हुआ है। कई ऐसे रैयत हैं जिसका नोटिफिकेशन भी नहीं हुआ है और मुआवजा भी नहीं मिला है और उनका तोड़फोड़ किया जा रहा है। कई ऐसे रैयत है जिन्हें जमीन का इंटरेस्ट नहीं दिया गया है । उपस्थित लोगों ने एसडीओ से आग्रह किया कि स्थल पर जांच कर वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए मुअवजा निर्धारण में बरती गई विसंगति को दूर किया जाए एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तभी निर्माण कार्य शुरू हो। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, मनोज केशरी, खु. बलाल साव, प्रेमचंद साव, सुरेश साव, शंभू राम, सतीश कुमार साव, मोती साव, गणेश साव, भुनेश्वर साव, प्रदीप कुमार केशरी, अजय साव, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार, अर्जुन साव, सूरज साव, महेश साव, प्रदीप साव, ईश्वर कुमार, सुरेश केशरी, सनी केशरी, शंकर विश्वकर्मा, राजू कुमार, ईश्वर गुप्ता, संतोष कुमार, मंटू केशरी, बासुदेव कुमार, सुरेंद्र साव, मंटू साव, मनोज साव, प्यारे लाल साव, बिनोद साव, अनीता देवी, कृष्णा कुमार साव, कुंदन कुमार, राजू कुमार साव, पिंटू साव, प्रभु साव, बिनोद केशरी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

HOTEL आकाश पैलेस

Contact No.: 9122662308 6299699176

AC/Non AC, Rest & Marriage Hall

सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 26 को भारत जोड़ो यात्रा एवं 29 को डी वी सी विस्थापित रैय्तो के लिए जन सुनवाई कार्यक्रम का होगा आयोजन

### प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


डॉ निजामुद्दीन अंसारी

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं मीडिया प्रभारी बरही विधानसभा क्षेत्र डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया है कि दिनांक 26 नवंबर 2022 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश कुमार , झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,मंत्री एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड में उनका कार्यक्रम है । कार्यक्रम चौपारण केंदुआ मोड़ से महाराजगंज तक भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा होगी। यह कार्यक्रम बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम से संबंधित विधानसभा के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक विधायक निवास में दिनांक 22, नवंबर 2022 को बुलाई गई है। जिसमें कार्यक्रम की बृहद रूप से तैयारी के लिए तैयारी समिति और संचालन समिति का गठन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया गया है। डॉक्टर अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद दिनांक 29 नवंबर 2022 को झारखंड विधानसभा की निवेदन समिति बरही प्रखंड के श्रीनगर में जन सुनवाई करेगी इसमें श्रीनगर की जनता जो वर्षों से वन भूमि में निवास कर रही है और उन्हें आज तक जमीनों से संबंधित वन पट्टा नहीं दिया गया वहां के ग्रामीणों को वन विभाग से पट्टा दिलाने के लिए निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में श्रीनगर में निवेदन समिति कि बैठक श्रीनगर ग्राम में आयोजन करवाया गया है । इसमें वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग के वन संरक्षक डीवीसी के डायरेक्टर, हजारीबाग के उपायुक्त ,बरही अनुमंडल अधिकारी, बरही अंचल अधिकारी ,बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई बड़े पदाधिकारियों को निवेदन समिति में सभापति की ओर से निर्देश भेजा गया है। निवेदन समिति के समक्ष डीवीसी के द्वारा जिन किसानों को पर्चा दिया गया है उनकी रसीदें आज तक सरकारी स्तर पर नहीं कट रही है। उसकी भी सुनवाई इस निवेदन समिति के कैंप में किया जाएगा इसके अतिरिक्त विधानसभा की निवेदन समिति दिनांक 30 नवंबर 2022 को चौपारण प्रखंड के ग्राम लखावर में निवेदन समिति का ग्राम में बैठक रखी गई उस ग्राम में बसे वन भूमि में सैंकड़ों कि संख्या में बसे दलित समाज के लोगों को आज तक वन पट्टा नहीं दिया गया है, वन पट्टा दिलाने के लिए उमाशंकर अकेला सभापति निवेदन समिति झारखंड विधानसभा के नेतृत्व में सुनवाई करेगी एवं उन्हें वन पट्टा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी डॉक्टर अंसारी ने बताया कि चौपारण के लखावर में होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में निवेदन समिति के साथ मुख्य रूप से झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामेश्वर उरांव उपस्थित रहेंगे। अपने कार्यक्रम का विधिवत सूचना उन्होंने विधायक उमाशंकर अकेला को अपने कार्यक्रम को सुनिश्चित करने संबंधी जानकारी दे दिए । डॉक्टर अंसारी ने बताया कि निवेदन समिति के बरही के श्रीनगर और चौपारण के लखावर में आने से जहां एक तरफ डीवीसी द्वारा दिए गए जमीनों का रसीद कटने का रास्ता प्रशस्त होगा। वही श्रीनगर में बसे वन भूमि के जमीन पर ग्रामीणों को वन विभाग के द्वारा पट्टा दिला कर उस जमीन का उनका मालिकाना हक दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। यह बरही विधानसभा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा इस कार्यक्रम से पूरे बरही विधानसभा के दोनों गांव में हर्ष व्याप्त है इसके अतिरिक्त अन्य कई मुद्दे निवेदन समिति में रखी जाएगी जैसे बरही में पीएचडी विभाग द्वारा अभी तक जलापूर्ति की समस्या को दूर नहीं किए जाने और जलापूर्ति के बगैर जनता की परेशानी को भी निवेदन समिति के समक्ष रखा जाएगा।

## मुखिया एवं बीडीओ ने खोड़ाहर पंचायत में लाभुक को कराई गृह प्रवेश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


फीता कटकर गृह प्रवेश कराते मुखिया एवं बीडीओ

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खोड़ाआहार पंचायत में बने नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश बीडीओ सीआर इंदवार एवं मुखिया अनीता देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुखिया अनीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खोड़ाहर पंचायत के वार्ड संख्या चार में त्रिलोकी भुइयां का आवास पूर्ण हो जाने पर उन्हें पूरे विधि विधान के साथ गृह प्रवेश कराकर आवास सौंपा। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा की खोड़ा हर पंचायत में कई ऐसे आवासहिन लोग हैं । जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में जिन जिन लाभुकों का आवास का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उन्हें गृह प्रवेश कराकर आवास सौंपा जा रहा है । मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया खिरोधर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक लाभकारी एवं जन हितकारी योजना है जिसके माध्यम से वैसे लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाता है, जिनके पास अपना मकान नहीं है । खोड़ाहर पंचायत में पिछले 5 साल में कई लोगों को आवास मुहैया कराया गया और इस बार भी उन लाभुकों का चयन कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की प्रक्रिया चल रही है । जिनका आवास पूर्ण हो जाएगा उन्हें इसी तरह कार्यक्रम आयोजित कर गृह प्रवेश कराया जाएगा । गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सीआर इंदवार, पूर्व मुखीया खिरोधर यादव, पंचायत सेवक कमलेश प्रसाद ,रामवृक्ष सिंह ,बद्री भुइयां, अशोक यादव सहित कई लोग मौजूद थे

## ट्रैक्टर में दबकर विष्णुगढ़ के मजदूर की राजस्थान में मौत


मृतक (फाइल फोटो)

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


मृतक मजदूर के घर पर चिंतित परिजन

विष्णुगढ़ के एक प्रवासी मजदूर की मौत गुजरात में शनिवार को ट्रैक्टर के पलटने से दबकर हो गई। मृतक मजदूर अशोक सिंह (32) पिता स्व. चंदर सिंह प्रखंड के कुसुम्भा का रहने वाला था। बताया जाता है कि अशोक राजस्थान के बाड़मेर जिला अंतर्गत फतेहगढ़ तहसील में निर्माणाधीन ट्रांसमिशन टावर निर्माण के काम में लगे हुए थे। शनिवार की शाम 5 बजे ट्रैक्टर पर सवार होकर एक साइट से दूसरे साइट जाने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर में टावर फिटिंग में प्रयुक्त लोहे का एंगल आदि भी लदा था। ट्रैक्टर पलटने से अशोक एवं उसके अन्य साथी ट्रैक्टर के नीचे दब गए। हादसे में अशोक की मौके पर मौत गई। ट्रैक्टर पर सवार अन्य मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। इधर, परिजनों को सूचना मिलते हीं सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अशोक मार्च में राजस्थान कमाने गए थे। परिवार वालों से उन्होंने कुछ दिनों बाद लौटने की बात कही थी। वे परिवार में बूढ़ी मां, पत्नी तथा तीन बच्चे छोड़ गए हैं। घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। मंगलवार को मजदूर का शव पहुंचने की उम्मीद है। मुखिया दुलारचंद पटेल ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा जताया।

## एंबीशन अकादमी के शिक्षक एवं छात्रों ने बिहार के विभिन्न पर्यटक स्थलों का किया भ्रमण






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में संचालित एम्बिशन अकादमी के 60 बच्चों सहित शिक्षक व अभिभावकों ने बिहार राज्य के कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें राजगीर के राजगीर वाइल्डलाइफ सफारी, वहीं स्थित राजगीर के मखदूम बिहारी व कुण्ड और बौद्ध गया का बौधिक संग्रहालय जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर काफी आनंद लिए। प्रत्येक वर्ष अकादमी के तरफ से बच्चों को नए स्थानों का भ्रमण कराया जाता है। संस्थान के अजहरउद्दीन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को नए जगहों पर घूमने का बहुत कम अवसर प्राप्त होता है। लेकिन नये जगहों से जाने से बच्चों का मस्तिष्क व शिस्ट आचरण सिखने को मिलता है। बच्चों में नए चीज़ो और नए जगहों को देखने का काफी ललक रहता है। बिहार राज्य के मनमोहक संस्कृति को देखते ही बच्चों में उमंग और वहाँ के हर चीजों देखने और जानने की उत्सुकता बढ़ गई। अज़हरुद्दीन ने बोध गया में स्थित गौतम बुद्ध के जीवनी को बताया। उन्होंने बताया कि ये वही शिद्घार्थ थे जिन्होंने अपने जिंदगी की सारी सुख शान्ति, मोह माया को छोड़कर केवल सत्य के खोज में निकल पड़े और आगे चलकर बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान बौद्ध बने साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि गौत्तम बुद्ध कई स्थलों में बैठकर तपस्या की है। जिनमें से पीपल वृक्ष के नीचे जहां गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। गौतम बुद्ध ने कहा था कि इंसान जन्म से नहीं बल्की अपने कर्म से महान होता है। पर्यटन स्थलों के दिशा निर्देश देने और बच्चों को घुमाने में संस्थान के शोएब अख्तर का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जावरी को होगा को वार्षिकोत्सव का आयोजन

### आयोजन समिति एवं कोष संग्रह समिति का गठन, हर रविवार को होगी बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक पुस्तकालय परिसर में हुई बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष संजय बरनवाल एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने की बैठक में स्वामी विवेक. ानंद पुस्तकालय के विकास पर चर्चा की गई उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के विकास पर अपनी सहभागिता देने की प्रतिबद्धता दोहराई सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वैसे सदस्य जो सक्रिय नहीं है उन्हें सक्रिय किया जाएगा एवं सूचना के माध्यम से उन्हें कर्तव्य बोध कराया जाएगा इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के शुभ अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा इस आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए दो तरह की कमेटियां बनाई गई पहली कमेटी कार्यक्रम आयोजन के स्वरूप से संबंधित बनाई गई जिसमें 11 लोगों को शामिल किया गया जिन्हें शामिल किया गया उनमें संजय बरनवाल, डॉ सुनील कुमार यादव, सुनील कुमार दत्त, संजय कुमार दुबे ,मनोज घोष ,दिनेश कुमार यादव, डॉक्टर संगीता चौधरी, प्रो हीरामन साहू, राजेश कुमार, एवं देवधारी प्रजापति को शामिल किया गया। इसमें डॉ० संजय वर्णवाल को संयोजक एवं सुनील कुमार दत्ता को सह संयोजक की जिम्मेवारी दी गई। वही आयोजन को लेकर एक कोष संग्रह समिति का भी गठन किया गया। इसमें स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कृष्णा प्रजापति, सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, किशुन यादव, महेंद्र दुबे, रितेश गुप्ता, अमित केशरी, भूपेंद्र यादव, दयानंद चौरसिया एवं राज आर्यन उर्फ छोटी को शामिल किया गया गया। इस कमेटी का संयोजक महेंद्र प्रसाद दुबे को बनाया गया। दोनो कमेटी की बैठक कार्यक्रम का आयोजन होने तक प्रत्येक सप्ताह के रविवार को ढाई बजे होगी। बैठक में संजय वर्णवाल, डॉ० संगीता चौधरी, सुरेंद्र रजक, महेंद्र दुबे, संजय दुबे, सुनील कुमार दत्त, दिनेश्वर यादव, राज आर्यन उर्फ छोटी, शंभू माली सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## निर्मल जैन को तरंग ग्रुप एवं लायंस क्लब के द्वारा मेन ऑफ चेंज 2022 द्वारा सम्मानित किया गया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर स्थानीय ड०ल्फिन रिसोर्ट में तरंग ग्रुप एवं लायंस क्लब हजारीबाग द्वारा निर्मल जैन को उनके द्वारा किए जन–कल्याण कार्यों के लिए मैन अ०फ चेंज अवार्ड 2022, स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल, पद्म विभूषित बुलू इमाम, मेयर रोशनी तिर्की , राष्ट्रपति से सम्मा. नित शिक्षक अशोक कुमार एवं तरंग ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता, अर्पिता की उपस्थिति में सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । निर्मल जैन ने विगत 45 सालों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करते हुए खुद 86 बार रक्तदान करते हुए, 15 00 से ऊपर रक्तदान शिविर एवं मोटिवेशन शिविर का नेतृत्व करते हुए लाखों लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान की। इनके इस कार्यशैली के कारण इन्हें, झारखंड के राज्यपाल, स्वास्थ्य मंत्री, विभिन्न संस्थाओं एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा इन्हें समय–समय पर सम्मानित किया गया। वर्तमान में ये झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के 7 सदस्य कमेटी के मेंबर बनाया गया ,जो झारखंड के निजी एवं सरकारी,ब्लड बैंक की समस्याओं का समाधान करने में अपना सहयोग देती है।हजारीबाग में शेख भिखारी मेडिकल क०लेज के ब्लड बैंक को सुचारू रूप से चलाने हेतु, सभी स्वैच्छिक रक्तदाता संस्थाओं की उपस्थिति में, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन का गठन किया गया । जिसमें इन्हें अध्यक्ष बनाया गया ।एसोसिएशन द्वारा रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों की मदद ,विशेषकर एक्सीडेंटल केस ,गर्भवती महिलाओं, एचआईवी पीड़ित, थैलेसीमिया पीड़ित 220 बच्चों को विभिन्न स्वैच्छिक रक्तदाता संस्थाओं के माध्यम से रक्तदान शिविर लगाकर, उन्हें रक्त उपलब्ध कराकर जान बचाने की कोशिश की गई । जैन युवा परिषद के तत्वाधान में 21 सालों तक लगातार, समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने हेतु ,हजारीबाग से पारसनाथ पर्वत की, (127 किलोमीटर )पदयात्रा का नेतृत्व इनके द्वारा किया । समाज के बुजुर्गो को 5 विभिन्न राज्यों की तीर्थ यात्राओं का नेतृत्व किया तथा 11 साल तक प्रत्येक रविवार को बच्चों को निशुल्क धार्मिक शिक्षा देकर संस्कारित करने का कार्य इनके द्वारा किया गया। जैन महिला मिलन द्वारा 12 साल तक लगाए मोतियाबिंद के अ०परेशन में सह संयोजक रहते हुए हजारों लोगों का मुफ्त मोतिया बिंद अ०परेशन में मदद की। जैन महिला समिति द्वारा लगाए गए विकलांग शिविर में सैकड़ों लोगों कोकृत्रिम अंग उपलब्ध कराने में अपना योगदान दिया। अनेक साधु संतों के चातुर्मास में मुख्य संयोजक की भूमिका निभाते हुए, उनके उपदेशों के माध्यम से सामाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने हेतु तथा लोगों में धार्मिक संस्कार जागरण हेतु अपना योगदान दिया।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा : चंदवारा तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा सूर्य कोल्ड स्टोरेज के निकट ट्रक एंव मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाईकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीण व चंदवारा थाना की मदद बेहतर इलाज के लिए आर्यन हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भोला भुइयां पिता फागु भुइयां उम्र लगभग 35 साल चंदवारा बस्ती निवासी के रूप में हुई घटना के संबंध में बताया की ट्रक एन एल 02एन 0977 तेज रफ्तार में चंदवारा से तिलैया की ओर जा रही थी। वहीं तेज व विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार जेएच 12जे 5135 चंदवारा के तरफ जा रहा था। मोटरसाइकिल सवार के गलत दिशा में होने के वजह से दोनो गाड़ियों में आमने सामने की टक्कर हो गई। ट्रक चालक घटनास्थल से ट्रक छोड़ कर भाग गया बता दे मृतक अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया।

## जेएमएम नेता को पितृ शोक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड निवासी जेएमएम जिला उपाध्यक्ष मो यासीन खां बाबू के पिता हाजी मो कलीम खां का निधन हो गया ज्ञात हो वे लंबे समय से बीमार थे ज्ञात हो स्वभाव से काफी मिलनसार थे वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गए उनके अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही उनके पैतृक आवास में तांता लगा रहा उनके निधन की जानकारी के बाद विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जेएमएम जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसन्त साव उनके घर पहुँचकर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। सबो ने मृत आत्मा की शांति मिले इसकी कामना की उन्हें कोनहराखुर्द स्थित पैतृक व दादा के मजार के पास मिट्टी दी गयी अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । दुःखद समय में जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो कुदुश, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, पंसस संजय गुप्ता,मो इम्तियाज भारती, मो नसिम खान,मो आबिद खा, मो कलीम खा, मौलवी रमजान, मो जाहिद खां, मो शाहिद खां, मो एसरार खां, मो सराज खां, मो राजू, मो शहबाज खां,वीरेन्द्र यादव, शिबू मांझी, सूर्यदेव मांझी समेत भारी संख्या में परिवार के लोग व आमजन उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां प्रखंड कार्यालय में सोमवार को जल जीवन मिशन पर आधारित जलसहिया को एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उपस्थित बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, जल विशेषक रामपुकार प्रसाद ,एस एम जयराम कुमार ने जल सहिया को जल की गुणवत्ता के प्रति विशेष जानकारी दिए साथ ही साथ उपस्थित सभी जलसहिया को पानी जाँच के लिए एफटी कीट दिया गया। जिससे जल की गुणवत्ता की जांच की जा सके। मौके पर उपस्थित बीडीओ ने सभी जल सहिया को अपने कार्य एवं दायित्व को सुचारू रूप से करने की अपील की मौके पर प्रदीप प्रसाद ,सोनी कुमारी, मधु कुमारी, संगीता कुमारी ,रिंकू कुमारी ,नेहा कुमारी ,रूबी कुमारी, बबीता कुमारी ,कौशल्या कुमारी ,संगीता कुमारी ,रिंकी देवी आदि दर्जनों जलसहिया उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के सारूकुदर में पीएम आवास के लाभुकों को कराया गया गृहप्रवेश

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




पीएम आवास के लाभुक का गृहप्रवेश कराते मुखिया

प्रखंड के सारूकुदर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित घरों का सोमवार को विधि विधान से गृहप्रवेश कराया गया। गृहप्रवेश करने वाले लाभुकों में नन्हकी देवी, पार्वती देवी, तिलो देवी, बढ़नी देवी, रूकवा देवी आदि शामिल हैं। इसके अलावा मुखिया उत्तम महतो, पंसस महेश महतो द्वारा ठंड को देखते हुए प्रखंड की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद वृद्धजनों के बीच पंचायत के मंगरो वार्ड 12, 13, चिहुंटिया वार्ड 1, 2 तथा सारूकुदर वार्ड 7 एवं 8 में किया गया। मौके पर मुखिया उत्तम महतो, पंसस महेश कुमार, पंचायत सचिव सरयू पासवान, प्रखंड समन्वयक राधेश्याम यादव, महेंद्र राम, घनश्याम महतो, काली महतो, सोमर साव, रेशमी देवी, कुंती देवी, जानकी देवी, सुनीता देवी, करमली अंसारी, टेकलाल महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## शिक्षाविद दीनानाथ मालाकार पंचतत्व में विलीन, लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया



मृतक (फाइल फोटो)



शोक व्यक्त करते लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : अपने जीवन काल में लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने वाले बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित ठाकुर मोहल्ला के माली मोहल्ला निवासी 63 वर्षीय दीनानाथ मालाकार की रविवार देर शाम 7:30 बजे हृदय गति रुक जाने से आक. स्मिक निधन हो गई। अंतिम संस्कार सोमवार को ठाकुर मोहल्ला श्मशान घाट में किया गया। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए । बड़े पुत्र नीरज मालाकार ने मुखाग्नि दिया। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने शोक सभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रख दीनानाथ मालाकार की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की । अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, मुखिया रंजीत कुमार एवं अन्य के नेतृत्व में लकड़ी मुहैया कराई गई। निधन पर कई विशिष्ट शिक्षाविद लोगों ने शोक व्यक्त किया। इनमें मुख्य रूप मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, शिक्षक चेतलाल राम, मुनेश राम, कमलेश श्रीवास्तव, विनोद सिन्हा, भाजपा नेता मनीष पांडे ,शिबू कुमार उर्फ शिव शंकर, गौतम वर्मा, विशाल ठाकुर ,बड़े भाई बिनु माली, बैजनाथ महतो, आशीष कुमार , प्रमोद गुप्ता, उमेश गुप्ता, अमित मालाकार, अरुण मालाकार, विकास मालाकार, अरविंद मालाकार बैजनाथ रजक, शंभू मालाकार, प्रवेश मालाकार ,सुरेश माली, अनुज मालाकार, चंदन मालाकार, पंकज मालाकार ,सुकेश भगत , रवि मालाकार ,संजय मालाकार, राजन मालाकार किशोरी मालाकार, नरेश मालाकार , छोटू मालाकार, बशुदेव मालाकार, राजू मालाकार, सुनील मालाकार, प्रदीप मालाकार, देवानन्द साव,मोहर साव, छक्कन साव के अलावा कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## बी डी ओ ने किया सभी विभागों के साथ बैठक

### मलेरिया उन्मूलन में बढ़चढ़ कर लें सभी कर्मी और जनप्रतिनिधि हिस्सा : हुलास

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कान्हाचट्टी हुलास महतो एवं माननीय प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में एक मलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक किया गया।इस बैठक में प्रखण्ड के सभी पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य सभी विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पीडीएस डीलर आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर से आयोजित कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी दिया गया। एवं उपस्थित सभी लोगों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया। इस संबंध में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी ग्रामीणों को जो दवा वितरित की जाएगी उसको खाने के लिए लोग एवं सभी उपस्थित को प्रेरित करें।

## डिवाइन स्कूल में शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में कार्यरत बस परिचालक मुकुंद चौधरी का आकस्मिक निधन हो गया। विद्यालय परिवार की ओर से दिवंगत परिचालक मुकुंद चौधरी के सम्मान में शोक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वर्गीय मुकुंद चौधरी के चित्र पर विद्यालय निदेशक आईपी भारती, प्राचार्य भानु प्रताप सिंह, अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद व कपका मुखिया कमलेश कुमार ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी । साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में शिक्षक काशीनाथ महतो कुलदीप पासवान, संजय यादव, प्रीति प्रभा मनोहर सिंह, रामनन्दन कुमार, सुलेखा मोदी, अविशेष कौशल,देवेश चंद्रा,अजय कुमार, अनिल उपाध्याय,सी वेलु,विमल किशोर,राधा कुमारी, परिचालक महेश कुमार, मनोज कुमार, परमेश्वर प्रसाद, मोइन अंसारी, रमेश सोरेन, अशोक कुमार, अनिल कुमार, इंद्रदेव प्रसाद, महेश यादव,लखन सिंह समेत विद्यालय परिवार के सभी छात्र छात्राओं ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

## बनासो में अवैध कोल डिपो से चार टन स्टीम कोयला जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ पुलिस ने सोमवार को बनासो में संचालित अवैध कोल डिपो में छापेमारी कर 120 बोरियों में बंद करीब चार टन स्टीम कोयला जब्त किया है। अवैध कोल डिपो के संचालक बनासो निवासी शेख आजम पिता शेख वकील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि बोक. ारो जिला के बेदकारो सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध तरीके से कोयले का उत्खनन कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बनासो लाकर डंप किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। डंप कोयले को बड़े वाहन में लोड कर तस्कर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बाहर की मंडियों में भेजने की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच एसडीपीओ अनुज उरांव के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर बनासो के मंझलीटांड़ में संचालित अवैध कोल डिपो का भंडाफोड़ किया गया। मौके पर तस्कर शेख आजम को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पुअनि प्रशांत मिश्रा, सअनि संत कुमार पाठक के अलावा रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

